बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-127
08/03/2019

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम ने 5 करोड़ रूपये तथा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम ने 2 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा

पटना 08 मार्च, 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुख्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मिलकर बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम की तरफ से 5 करोड़ रूपये का चेक श्री सुरेश शर्मा मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव निगर विकास एवं आवास विभाग, श्री अमरेन्द्र नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

साथ ही मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम की तरफ से 2 करोड़ रूपये का चेक श्री सुनील कुमार, पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह– प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम एवं बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

******